# ULB

## MUNICIPAL CORPORATION, BHARATPUR

Bharatpur - 321001



Minimum Government, Maximum Governance

# *E-News Letter*
# *August, 2017*

Local Self Government

# स्वच्छता पखवाडा

दिनांक 09.08.2017 से 15.08.2017 तक

''स्वच्छता पखवाडा'' के अन्तर्गत नगर निगम, भरतपुर द्वारा एनजीओ तथा स्वयं सहायता समूह की मदद से पार्कों तथा मन्दिरों में सफाई अभियान चलाया गया। विभिन्न वार्डों में शिविर लगाकर वार्ड पार्षदों की सहायता से लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया।

मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सहायक अभियन्ता नगर निगम, भरतपुर की अध्यक्षता में पेंटिंग एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों को लेखन सामग्री तथा विजेताओं को पुरूस्कार वितरण की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की गई।








# शहरी सुधारों पर आमुखीकरण कार्यशाला

दिनांक 07.09.2017

भरतपुर संभाग के स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के लिए दिनांक 07.09.2017 को नगर विकास न्यास, भरतपुर के ऑडीटोरियम में आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें रीपा एवं आरयूआईडीपी के अधिकारियों द्वारा निकायों के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को व्यक्तिगत क्षमता संवर्धन एवं शहरी सुधारों के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

आमुखीकरण कार्यशाला में नगर निगम के महापौर श्री शिवसिंह भौंट, भरतपुर के जिला कलक्टर डॉ. नरेन्द्र कुमार गुप्ता, स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारी श्री पुरूषोत्तम बियाणी, श्री ओमप्रकाश काला, श्री विजय वर्गीय एवं नगर निगम आयुक्त श्री शिवचरण मीना ने विभिन्न विषयों पर उपरोक्त विषयान्तर्गत शहरी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से चर्चा की। HCMRIPA के कोर्स डायरेक्टर डॉ. रिपुन्जय सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।
















# अमृत योजना

**अमृत योजना** के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न घटकों में निम्न प्रकार राशि स्वीकृत की है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | वाटर सप्लाई | – | राशि 50.00 करोड़ |
| 2. | सीवरेज | – | राशि 79.66 करोड़ |
| 3. | ग्रीन स्पेस एण्ड पार्कस् | – | राशि 02.50 करोड़ |
| | **कुल योग** | – | **राशि 132.16 करोड़** |

1. वाटर सप्लाई – वाटर सप्लाई का कार्य जनस्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है।
2. सीवरेज – दिनांक 24.03.2017 को L & T कम्पनी को सीवरेज का कार्यादेश नगर निगम द्वारा जारी कर दिया है। L & T कम्पनी द्वारा सर्वे का कार्य शुरू कर दिया है।

| Cost of Capital (in Lacs) | 10 Year O&M Cost (in Lacs) | Provisional SUM (in Lacs) | Total |
|---|---|---|---|
| 916537752 | 122378000 | 15900000 | 1054815752 |

3. ग्रीन स्पेस एण्ड पार्कस् – ग्रीन स्पेस पार्कस् की डीपीआर राज्य स्तर पर S.L.T.C. (स्टेट लेबिल टैक्नीकल कमेटी) की बैठक दिनांक 15.09.2016 में 2.5 करोड़ रू. स्वीकृत हो चुके हैं। निविदा जारी कर दी गई है।

# स्वच्छ भारत मिशन

स्वच्छ भारत मिशन के व्यक्तिगत शौचालय निर्माण घटक में अब तक कुल 6422 आवेदन ऑनलाईन अपलोड किये गये है, तथा 6093 आवेदन पत्रों का वैरिफिकेशन एवं 6093 एप्रूब्ड किये जा चुके हैं। सभी लाभार्थियों के खाते में प्रथम किश्त हस्तान्तरित की जा चुकी हैं। 2563 शौचालयों का निर्माण हो चुका है, शेष का कार्य प्रगति पर है।

सिटी सेनिटेशन प्लांट को एस.बी.एम. साइट पर अपलोड कर दिया जा चुका हैं। वर्तमान में 22 कम्यूनिटी एवं 7 पब्लिक टॉयलेट संचालित हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इन शौचालयों का अपग्रेडेशन कराने हेतु डीपीआर तैयार कराई जा रही है।

# सोलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट

उक्त योजना अन्तर्गत सम्बन्धित फर्म से दिनांक 24.08.2016 को एग्रीमेन्ट कर सम्बन्धित फर्म ROLLZ MATERIAL HANDLING SYSTEM PRIVATE LTD., NEW DELHI को कार्यादेश दिनांक 10.10.2016 को जारी कर दिया गया है। फर्म ने साइट पर सर्वे कार्य शुरू कर दिया है। E.C. प्राप्त करने हेतु फर्म ने प्रदूषण मंडल, जयपुर में आवेदन कर दिया है। E.C. प्राप्त होने पर कार्य शुरू कर दिया जावेगा।

# दीनदयाल अन्त्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

**एस.एम.आई.ड़ी** घटक के तहत शहरी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार से जोडने हेतु 205 स्वंय सहायता समूह का गठन किया जा चुका है। इनमें से अभी तक 145 समूहों का बैंक लिंकेज हेतु खाते खुलवाये जा चुके है। जिनमें से 79 समूहों को रिवाल्विंग फण्ड जारी किया जा चुका है, तथा शेष समूहों को शीघ्र ही रिवाल्विंग फण्ड जारी किया जा रहा है।

**ई.एस.टी.पी.** घटक के तहत शहरी बेरोजगार युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिलाकर रोजगार से जोडने हेतु नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अब तक 717 आवेदन तैयार कराकर आर.एस.एल.ड़ी.सी को प्रशिक्षिण दिलाने हेतु प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से अभी तक मात्र 157 आवेदकों का प्रशिक्षिण पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में आर.एस.एल.डी.सी के प्रशिक्षण केन्द्रों पर नये दिशा–निर्देशों के तहत् निरीक्षण चल रहा है, शीघ्र ही नये प्रशिक्षण केन्द्र शुरू होने पर शेष आवेदकों को विभिन्न संकायों में प्रशिक्षण दिलाया जावेगा।

**एस.ई.पी. घटक** के अंतर्गत शहरी बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए जून, 2017 तक 796 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को ऋण हेतु बैंक को प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से 84 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत कर 38.84 लाख रूपये का ऋण वितरित हो चुका है।

**एस.यू.एच. घटक** के तहत बेघर लोगों को आश्रय उपलब्ध कराये जाने हेतु नगर निगम, भरतपुर में वर्तमान में 2 आश्रय स्थलों का विधिवत संचालन हो रहा है, तथा अन्य दो नये आश्रय स्थल बनकर तैयार हो चुके हैं, जिनका शीघ्र ही आवश्यक सुविधाओं के साथ जनहित में लोकार्पण किये जाने की तैयारी चल रही है।

**एस.यू.एस.वी. घटक** के तहत् शहरी क्षेत्र में फुटकर विक्रेताओं को जगह सुनिश्चित् कर सुव्यवस्थित रूप से व्यापार करने हेतु 2166 फुटकर विक्रेता चिह्नित किये गये हैं। इस हेतु श्रीमान जिला कलक्टर महोदय के निर्देशानुसार टाउन वैण्डिंग कमेटी का गठन पूर्ण हो चुका है। टाउन वैण्डिंग कमेटी की प्रथम बैठक में वैण्डिंग और नॉनवैण्डिंग जोन पर चर्चा की गई। शीघ्र ही द्वितीय मीटिंग बुलाकर फुटकर विक्रेताओं को बैठने की जगह उपलब्ध करायी जावेगी।

## Contacts Us:

**BHARATPUR, MUNICIPAL CORPORATION,**
**NEAR MATHURA GATE, BHARATPUR.**
**e-mail: bhartpur.jaipur@gmail.com**
**Phone No.: 05644 - 222170**